Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding water pollution.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) : अध्यक्ष महोदया, आपका धन्यवाद, मैं यहां से बोलने की अनुमति चाहूंगा। महोदया, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि गंगा सफाई जैसा भगीरथ अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी ने शुरू किया है, मैं उस पर उन्हें धन्यवाद दूंगा, लेकिन इतने बड़े अभियान को आज अच्छे तरीके से गति नहीं मिल पा रही है। उसके पीछे जो कारण है, वह यह है कि चाहे वह नगर पंचायत हो, चाहे नगर पालिका हो या महापालिका हो, उनसे संबंधित जो भी शहरों का जल और मल है, वह बिना किसी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के और निर्वाध गति से नदियों में प्रवाहित किया जा रहा है। जिस कारण इस अभियान पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद भी गंगी नदी को हम साफ नहीं कर पा रहे हैं। आमी, राप्ती और घाघरा जैसी छोटी-छोटी नदियां भी कहीं न कहीं जाकर गंगा में मिल रही हैं, जिससे गंगा नदी साफ नहीं हो पा रही है और जिस तेज गति से इस कार्य को हमारे प्रधानमंत्री जी और मंत्री जी ने शुरू किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहूंगा कि जो भी नगर पंचायत है, नगर पालिका है या महापालिकाएं हैं उनसे संबंधित जो नदियां गुजर रही हैं, उन नदियों में जो भी कूड़ा-कचरा, जल और मल प्रवाहित किया जा रहा है। उसके लिए एक सीवरेज ट्रीटमेंट बनाया जाए और जल को शोधित करने के उपरांत ही उन नदियों में प्रवाहित किया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. मनोज राजोरिया को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।